Title: Regarding increasing Railway stoppage and proposed international airport project at Purandar.

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती): महोदय, रेलवे और सिविल एविएशन मंत्रालय से मैं विनम्रता से विनती करती हूँ कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी एक वंदे भारत ट्रेन मुम्बई-दौंड और सोलापुर के बीच फ्लैगऑफ कर रहे हैं । आज वह ट्रेन दौंड में रूकने वाली है, लेकिन कल से परमानेन्टली नहीं रूकने वाली है । मेरी रेलवे मंत्रालय से विनती है कि यह वंदे भारत ट्रेन, जो मुम्बई से सोलापुर जाएगी, वह दौंड में रोज रूके । वह बड़े जंक्शन की जगह है । जेजुरी, निरा, भिगवन, दौंड और बारामती में सब जगह स्टेशंस हैं । वहाँ की एक्सप्रेस ट्रेन्स के जो स्टेशंस हैं, वे बंद हुए हैं । वहाँ का बिजनेस का माहौल कम होता जा रहा है ।

मेरी आपसे विनती है कि रेल मंत्रालय द्वारा इन सभी स्टेशनों के स्टोपेजेस बढ़ाए जाएं । महाराष्ट्र में लास्ट माइल कनेक्टिविटी का एक बहुत बड़ा इश्यू पेंडिंग है, पुरंदर का इंटरनेशनल एयरपोर्ट है । रेलवे और सिविल एविएशन का यह मामला है । रेलवे के स्टॉपेजेस भी बढ़ाए जाएं और पुरंदर का जो एयरपोर्ट है, उसका निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए ।